जन सम्पर्क कार्यालय,
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर।
दिनांक : 27.01.2014

**प्रेस विज्ञप्ति**
**(सं. 2014/600)**

## अजमेर–दिल्ली सराय रोहिल्ला–अजमेर वा या फुलेरा, रींगस एवं रेवाडी साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल रेल सेवा का संचालन

रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु अजमेर–दिल्ली सराय रोहिल्ला–अजमेर (09 ट्रिप) साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल रेल सेवा का संचालन किया जा रहा है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी श्री तरूण जैन के अनुसार गाडी संख्या 09627, अजमेर–दिल्ली सराय रोहिल्ला (09 ट्रिप) साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल रेल सेवा **अजमेर से दिनांक 29.01.14 से 26.03.14 तक** प्रत्येक बुधवार को 05.45 बजे रवाना होकर 11.30 बजे दिल्ली सराय रोहिल्ला पहुॅचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 09628, दिल्ली सराय रोहिल्ला–अजमेर (09 ट्रिप) साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल रेल सेवा **दिल्ली सराय रोहिल्ला से दिनांक 29.01.14 से 26.03.14 तक** प्रत्येक बुधवार को 15.50 बजे रवाना होकर 21.55 बजे अजमेर पहुॅचेगी।

यह गाडी दोनों दिशाओं में किशनगढ, फुलेरा, रींगस, नीम का थाना, नारनौल, रेवाडी, गुडगांव एवं दिल्ली छावनी स्टेशनों पर ठहराव करेंगी।

इस गाडी में 01 वातानुकूलित कुर्सीयान, 10 द्वितीय श्रेणी कुर्सीयान एवं 02 गार्ड डिब्बों सहित कुल 13 डिब्बें होगें।

जन सम्पर्क अधिकारी
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर